बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान, जयपुर

'एकलव्य भवन'
डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

क्रमांकः– प. 2/बा.शि.फा./गार्गी/2020/ 863 दिनांक :– 20.5.2020

प्रेस विज्ञप्ति

गार्गी पुरस्कार एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में 102624 बालिकाओं के बैंक खातों में 42.78 करोड रुपये की राशि स्थानान्तरित करने बाबत्।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं परीक्षा 2019 में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं से गार्गी पुरस्कार एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु माह फरवरी मार्च 2020 में शाला दर्पण पर ऑन लाईन आवेदन पत्र भरवाये गये थे। गार्गी पुरस्कार हेतु कक्षा 10वीं की आवेदन करने वाली पात्र बालिकाओं की संख्या 42644 है। जिन्हें 3000 रुपये की दर से 12.79 करोड तथा कक्षा 12वीं की आवेदन करने वाली पात्र बालिकाओं की संख्या 59980 है। जिन्हें 5000 रुपये प्रति बालिका की दर से 29.99 करोड रुपये का पुरस्कार दिया जा रहा है। इस प्रकार कुल **102624** बालिकाओं के बैंक खातों में **42.78 करोड** रुपये की राशि स्थानान्तरित करने हेतु पात्र बालिकाओं की सूची आईडीबीआई बैंक विधाधर नगर जयपुर को भिजवाई जा चुकी है। बैंक द्वारा बालिकाओं के बैंक खातों में राशि स्थानान्तरित करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

www.rajteachers.com

(रामचन्द्र सिंह बगड़िया)
सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर